कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव व वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा ने सायं राजस्थान दिवस पर जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कम्पनी बाग पुरजन विहार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन में शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। यादव ने उपस्थित जनसमूह को नव संवत्सर, चैत्र नवरात्र स्थापना एवं राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मनाए जाने की राज्य सरकार द्वारा सरकार की अच्छी पहल है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का विशेष महत्व है तथा इस दिन हिंदू नववर्ष का प्रारम्भ होता है। इसी महत्व को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान दिवस को चैत्र प्रतिपदा के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि अलवर में पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन हब बनाने एवं प्रदेश में स्वच्छता की श्रेणी में अव्वल लाने की दिशा में अलवरवासियों की सहभागिता के साथ निरन्तर सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार अलवर की स्वच्छता रैंक अव्वल रहेगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रदेश की बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने अनुरिता झा के निर्देशन में नृतिका ग्रुप द्वारा देवी दुर्गा नाटिका की प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं को 21 हजार

रूपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए। वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पहली बार प्रदेश में राजस्थान दिवस पर सात दिवसीय आयोजित कर इसे भव्य रूप में मनाया जा रहा है। साथ ही इन कार्यक्रमों में प्रदेशवासियों को सौगाते देने के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित कराने के साथ नई योजनाओं का शुभारम्भ किया जा रहा है, जिनसे प्रदेश के पात्र लोगों को लाभ प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव के सकारात्मक प्रयासों से राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर जिले को विशेष सौगातें दी हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट में अलवर शहर को 26 सौगातें दी हैं। उन्होंने कहा कि विगत बजट में अलवर के लिए जो घोषणाएं की गई थी उन सब में भूमि का आवंटन होने के साथ टैंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ होंगे। उन्होंने कहा कि इससे सिलीसेढ से शहर में पानी की सप्लाई, भाखेडा में बांध, नटनी का बारा से जयसमंद तक पक्की नहर, बायोलॉजिकल पार्क, साइंस पार्क, शिवाजी पार्क पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत, पॉलिटेक्निकल कन्या महाविद्यालय जैसी घोषणाएं हैं। साथ ही इस बजट में वर्षों पुरानी पटरी पार कन्या महाविद्यालय की मांग पूरी हुई है। साथ ही डिजिटल प्लेनेटेरियम, बालिका सैनिक स्कूल, नवीन दुग्ध संयंत्र व सोलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना, पुलिस चौकी अखैपुरा को पुलिस थाने में क्रमोन्नत आदि सौगातों से अलवर में विकास को गति मिलने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री भी भूपेन्द्र यादव के निर्देशन पर यूआईटी द्वारा अलवर शहर में 7 करोड रूपये की लागत से खिलाडियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक बनाया जाएगा। साथ ही नवीन स्कूल में दौड का ट्रैक बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साथ ही नवीन स्कूल में हॉकी के लिए एस्ट्रोट्रफ ट्रैक भी बनेगा। उन्होंने बताया कि ईआरसीपी से जुडी हुई समस्त पर्यावरणीय स्वीकृतियां शीघ्रता से जारी कराई गई है तथा इन्होंने ही करणी माता तक के लिए सडक बनाने की स्वीकृति भी जारी कराई है। पर्यटन विभाग की उप निदेशक श्रीमती टीना यादव ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकारों द्वारा कच्छी घोड़ी नृत्य, चरी नृत्य, भपंग वादन और लोकगीत, कथक कला की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

नव वर्ष प्रतिपदा पर करणी माता मेले का शुभारंभ

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। नव वर्ष प्रतिपदा के दिन बाला किला स्थित करणी माता व्यवस्था समिति की ओर से मेले का शुभारंभ विधायक और वन राज्य मंत्री संजय शर्मा द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर किया। मेला स्थल पर सभी विभागों के

अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला स्थल पर किसी प्रकार की कोई कोताई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रविवार को प्रात: वन मंत्री ने मेला स्थल पहुंचकर माता का पूजन किया और आरती की। बाला किला करणी माता व्यवस्था समिति की ओर से माता का पूजन लक्ष्मी नारायण मंदिर के महंत राजेंद्र आचार्यद्वारा करवाया गया समिति की ओर से प्रसाद का वितरण किया गया। अध्यक्ष मेला कमेटी राजेश जोशी, समिति अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, प्रमोद शर्मा स्काउटिंग, नंदू बना, आकाश मिश्रा युवा ब्राह्मण सभा परिवार, रविंद्र जोशी लखन जिला संयोजक भाजयुमो अलवर दक्षिण, नरेश चौधरी सहसंयोजक कमेटी, समाजसेवी गोरधन लाल, ओम प्रकाश सेन, अशोक खेमानी, महेश गोड नितिन गौड, स्क्वाड्रन लीडर लव शर्मा, सुनील जायसवाल, सुरेश धद्यरवाल, राजकुमार शर्मा ,सुरेश अवस्थी राकेश मीणा कार्यक्रम में शामिल थे। मेला कमेटी द्वारा मेला स्थल की चारों तरफ व्यवस्था का जायजद्य लियद्य व्यवसथद्य संतोषप्रद पाई गई द्य शीघ्र ही मेला परिषर में समिति की ओर से नींबू पानी की छबील लगाई जाएगी यह जानकारी देते हुए मेला कमेटी के अध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि जूते चप्पल की स्टाल मेला परिषर मैं लगाये जाने की तैयारी चल रही है।

ब्यूटी एवं वैलनेस पाठ्यक्रम का शुभारंभ

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। नगर पालिका बहादुरपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ब्यूटी एवं वैलनेस पाठ्यक्रम का शुभारंभ इसी सत्र से किया गया है। प्रधानाचार्य मेहताब सिंह चौधरी ने बताया कि विद्यार्थियों को विभिन्न व्यवसाय में कुशलता प्रदान करने की दृष्टि से नई शिक्षा नीति के तहत अनेक तरह के व्यावसायिक कार्यक्रम विद्यालयों में प्रारंभ किए गए हैं। जिनमें से एक स्किल ब्यूटी एवं वैलनेस पाठ्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में इसी सत्र से किया गया है।

विद्यालय की वोकेशनल ट्रेनर कक्षा नवी के विद्यार्थियों को नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न कुटीर उद्योगों से परिचय कर रही है तथा विद्यार्थी भी बढ़ चढ़कर पूर्ण मनोयोग से इसमें भाग ले रहे हैं। बाल कटिंग, फेशियल, मिट्टी के बर्तन निर्माण, साइकिल पंचर, मेडिकल शॉप, परचूनी शॉप, अनेक छोटे-छोटे व्यवसायों से विद्यार्थियों को रूबरू कराया जा रहा है।

जूली ने दी ईद की मुबारकबाद

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने रमजान के पाक महीने के बाद ईद उल फितर के पाक त्योहार पर प्रदेशवासियों को नयाबास अलवर स्थित ईदगाह पहुंचकर मुबारकबाद दी ।उन्होंने कहा कि पूरे देश में जोश और उमंग के साथ यह त्यौहार मनाया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि यह त्यौहार आपसी भाईचारे और खुशियों का प्रतीक है ।यह त्योहार खुशियों और मेल मिलाप का संदेश लेकर आया है। जूली ने गणगौर माता मेले एवं कुश्ती दंगल में की शिरकत नेता प्रतिपक्ष जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बीजवाड़ नरूका मालाखेड़ा में आयोजित गणगौर माता मेले एवं कुश्ती दंगल में शिरकत की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सौहार्द को बढ़ाने का काम करते हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले नवरात्रि, नव संवत, चैटीचण्ड और ईद का एक साथ आना गंगा जमुनी संस्कृति की मिसाल है इस त्यौहार पर हिंदू भाइयों ने भाईचारे का पैगाम दिया। इस अवसर पर लालाराम, श्री चंद, वीर सिंह, दीपक रावण, राम भजन फौजी, हेमंत , सुनील , विजय, अरुण, महेश उपसरपंच, दीपक, मास्टर, सुभाष व समस्त जाटव समाज उपला मोहल्ला चिकानी व हारून सरपंच, फतेह मोहम्मद , आमीन सुबदीन, अल्फाज, सुबराती फौजी, मास्टर अकबर, आसम, मुबारिक, समदीन, हाकम , अजरुद्दीन ,साहुन ,आयुष, सद्दाम, सलीम, सहजाद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ईद की नमाज अदा की, अमन-चैन की मांगी दुआ

मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई। ईदुल फितर के मौके पर प्रात: 9 बजे ईमाम फहीम अहमद अशरफी ने नमाज अदा की गई। ईद की नमाज अदा कराने वाले इमाम की शहर वासियों द्वारा दस्तारबंदी की गई। नमाज में देश की तरक्की,एवं खुशहाली के साथ आपसी भाईचारे से रहने के लिए दुआ की गई। ईद के मौके पर क्षेत्रीय विधायक भागचंद टांकडा,डॉ ओपी बैरवा ने ईमाम का सम्मान किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारियों द्वारा सभी मुस्लिम भाईयों को गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। जनप्रतिनिधियों का समुदाय की ओर स्वागत किया गया।

इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रोहिताश देवंदा, थाना प्रभारी जहीर अब्बास, वाईस चेयरमेन राजेश शर्मा, चन्द्र मोहन अकोदिया,खंडेलवाल समाज अध्यक्ष संतोष बडाया,पूर्व बार अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, मंडी अध्यक्ष कजोड सैनी, मनोज टोडवाल, राजेन्द्र चौधरी, महिपाल सिंह, पार्षद बनवारी लाल आदि मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की बैठक आज

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि कटी घाटी स्थित गोल्डन बाग में आयोजित होने वाली मीटिंग के मुख्य अतिथि एआईसीसी महासचिव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह तथा अति विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एवं प्रभारी सचिव चिरंजीव राव होंगे। इसके अलावा मिटिंग में मुख्य रूप से रमेश खंडेलवाल जी संभाग प्रभारी, फूल सिंह ओला पीसीसी महासचिव एवं अलवर संगठन प्रभारी, विधानसभाओं में नियुक्त समन्वयक, प्रभारी, संजना जाटव सासंद, ललित यादव, दीपचंद खैरिया, कान्ति मीणा, मांगेलाल मीना, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे।

बांदीकुई में क्रिकेट लीग प्रतियोगिता आज से

मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई। राणा सांगा क्रिकेट क्लब द्वारा आज राणा सांगा स्मारक बसवा में नई टीम ड्रेस का विमोचन किया गया। राणा सांगा क्रिकेट क्लब द्वारा नई ड्रेस का विमोचन वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा,विधायक भागचंद टांकड़ा द्वारा किया गया।

मंत्री और विधायक ने बताया कि नई ड्रेस टीम की एकता और जोश को दर्शाती है। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य क्रिकेट को बढ़ावा देना और युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना है। राणा सांगा क्रिकेट क्लब स्थानीय क्रिकेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है और नई ड्रेस के साथ टीम जल्द ही मैदान में अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करेगी । इस अवसर पर क्लब के कप्तान गगनराज भांडेडा और आयोजन समिति के अजीत भदौरिया और प्रकाश

शर्मा की उपस्थिति रही। समिति के अजीत भदोरिया एवं प्रकाश शर्मा ने बताया कि बांदीकुई में रेलवे गांधी ग्राउंड में 1 अप्रेल से विशाल बांदीकुई प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाऐगा।

प्रतियोगिता का उदघाटन प्रात: साढे 9 बजे होगा। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भागचंद टांकडा होगे। अध्यक्षता जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार करेंगे। अन्य अतिथियों में उपखंड अधिकारी रामसिंह राजावत, तहसीलदार राजेश सैनी,विकास अधिकारी नितेश कुमार सैनी,पुलिस उपाधीक्षक रोहिताश देवंदा सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल होगे। उन्होने बताया कि इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे। साथ ही भव्य आतिश बाजी भी की जाऐगी। लीग का उदघाटन मैच शिवा क्रिकेट क्लब एवं टीम रायल्स के बीच होगा। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 17 अप्रेल को होगा।

अग्रवाल सम्मेलन की बैठक में सामाजिक एकता पर दिया जोर

मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई। दौसा जिला अग्रवाल सम्मेलन की जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्मेलन के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रवाल समाज भवन बालाहेडी में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, पूर्व राष्टीय उपाध्यक्ष रामनिवास गोयल, प्रदेश संगठन मंत्री सुनील मित्तल, प्रदेश महिला मंत्री पूजा गोयल, सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा मित्तल ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यकारिणी अध्यक्ष कैलाश सिंघल, महामंत्री सीताराम सिंघल ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया। सम्मेलन के महामंत्री नवरत्न

बंसल ने पूर्व में लिए गए निर्णय का सदन को अवगत कराया। रामनिवास गोयल ने घटते सामाजिक राजनैतिक प्रतिनिधित्व पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को स्वरोजगार केन्द्रित होने पर बल दिया। सम्मेलन के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने कार्यक्रमों में साफ प्रथा को बंद कर अनूठी पहल की। जिला प्रवक्ता संजय नौगज्या ने बताया कि दौसा जिला अग्रवाल सम्मेलन की कार्यकारिणी द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने,शुभ अवसर पर महाराजा अग्रसेन की प्रथम मिलनी लेने, विवाह सम्मेलन में प्री वैडिंग शूट को बंद करने,विवाह समारोह में होने वाले अत्यधिक व्यय को सीमित करने, प्रति परिवार 200 रूपये सहयोग राशि एकत्रित करने, सम्मेलन की कोष वृद्धि के लिए प्रति जिला कार्यकारिणी सदस्य 1100, जिला पदाधिकारियों से 11 हजार एवं 5100, राष्टीय प्रदेश पदाधिकारियों से 5100, राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों से 2100 रूपये सहयोग राशि लेने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में अधिकांश वक्ताओं ने समाज की एकता, अखंडता पर जोर दिया। वहीं दिन में फेरे कराने, बढते तलाक जैसी समस्याओं को दूर करने पर बल दिया। इस मौके पर सम्मेलन के व.उपाध्यक्ष राजेन्द्र रामगढिया, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गोयनका, उप महामंत्री राजेश गोयल, पूर्व अध्यक्ष विजेन्द्र सिंघल आदि उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम पीसी बैरवा ने किया अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। भारत रत्न डॉक्टर बीआर अंबेडकर ने संपूर्ण राष्ट्र के लिए सामाजिक समरसता का मंत्र दिया है, जो आज भी जीवित है। इसी से संविधान के मुताबिक सभी समाज को उनके अधिकार सुनिश्चित हो रहे हैं। यह वक्तव्य डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने प्रतिमा अनावरण के पश्चात सभा के दौरान कहे। मालाखेड़ा उपखंड के सुमेल में डॉक्टर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण आज सोमवार को डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने किया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित पूर्व विधायक जयराम जाटव, प्रधान दौलतराम जाटव, वीरवती, सरिता राज जाटव, एडवोकेट अशोक वर्मा, पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर, मालाखेड़ा नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष हिम्मत सिंह सहित सरपंच करण सिंह, धर्मेंद्र मीणा, जाटव महासभा के कुंदन सिंह, मेघवाल समाज के निहाल सिंह सहित बड़ी संख्या में वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पृष्ठ एक का शेष...

ईद की नमाज...

पैदल मार्च निकाला और मांगरोल रोड स्थित अंजुमन के सामने प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने समाज की ओर से होने वाले स्वागत कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। एएसपी राजेश चौधरी ने बताया- कुछ देर बाद प्रदर्शनकारियों ने फिलिस्तीन के समर्थन और इजराइल के विरोध में नारे लगाए। पुलिस ने 14 नामजद और 10-12 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसी तरह टोंक के संवेदनशील इलाके मालपुरा में ईद-उल-फितर की नमाज के बाद तनाव की स्थिति बन गई। नमाज अदा करने के बाद ट्रक स्टैंड चौराहे पर नारेबाजी और जुलूस निकालने को लेकर विवाद हुआ, जिसके चलते पुलिस और नमाजियों के बीच बहस हो गई। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर माहौल शांत करवाया। ईद की नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग बाहर निकले और ट्रक स्टैंड चौराहे पर एकत्रित होकर नारेबाजी करने लगे। स्थानीय प्रशासन के अनुसार पिछले 5 वर्षों से मालपुरा में ईद पर जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी गई है, लेकिन समुदाय के कुछ लोगों ने जुलूस निकालने की कोशिश की। पुलिस ने निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकालने के निर्देश दिए, जिस पर विरोध शुरू हो गया।

दंतेवाड़ा-बीजापुर...

25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक मारे गए 119 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं।

दो दिन पहले सुकमा में 17 मारे : सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। डीआरजी डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और सीआरपीएफ के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 11 महिला नक्सली हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई थी।

वक्फ संशोधन...

29 मार्च को एक निजी चैनल से बातचीत में इसी सत्र (बजट सत्र) में वक्फ बिल संसद में पेश करने की बात कही थी। शाह ने कहा था कि इस बिल से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है।

राजस्थान में...

ही इसमें बदलाव कर दिया है। जयपुर में एसएमएस हॉस्पिटल के अलावा महिला चिकित्सा सांगानेरी गेट, गणगौरी हॉस्पिटल, जनाना हॉस्पिटल, कांवटिया के अलावा आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज से अटैच जयपुरिया हॉस्पिटल, आरयूएचएस में भी टाइमिंग में बदलाव होगा।

निजी क्षेत्र...

हुए डेढ़ लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा है। हम 5 वर्षों में सरकारी क्षेत्र में 4 लाख और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे।

निवेश उत्सव...

शर्मा सोमवार को जयपुर के निजी होटल में आयोजित निवेश उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस बार राजस्थान दिवस पर सात दिवसीय महोत्सव का आयोजन कर महिला, किसान, युवाओं के उत्थान और गरीब कल्याण की कई सौगातें दी हैं। इसी कड़ी में आज हम यहां निवेश उत्सव मना रहे हैं, जोकि राज्य के आर्थिक विकास की दिशा में एक और मजबूत कदम साबित होगा।

16 मार्च से 30 अप्रैल तक निष्पादित होने वाले सभी एमओयू पर भी लागू होगी डायरेक्ट एलॉटमेंट पॉलिसी : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने रीको औद्योगिक क्षेत्रों के लिए डायरेक्ट लैंड एलॉटमेंट पॉलिसी लॉन्च की जिसमें उन सभी एमओयू धारकों को शामिल किया गया जिन्होंने राइजिंग राजस्थान के तहत सरकार के साथ 15 मार्च तक एमओयू निष्पादित किए। निवेशकों के उत्साह को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रत्यक्ष आवंटन नीति 16 मार्च से 30 अप्रैल तक निष्पादित होने वाले सभी नये एमओयू पर भी लागू किए जाने की घोषणा की। ये एमओयू धारक अगले आवेदन प्रक्रिया के दौर में इस नीति का लाभ उठा सकेंगे, जो ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा और 15 मई से सभी के लिए पुन: खोला जाएगा।

18 नए औद्योगिक क्षेत्रों की होगी स्थापना, राजस्थान फाउण्डेशन के 14 नए चैप्टर्स होंगे शुरू : शर्मा ने कहा कि सरकार 18 नए औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने जा रही है। इन नए औद्योगिक क्षेत्रों को अलग-अलग सेक्टर्स की जरूरतों के हिसाब से डिजाइन किया गया है, ताकि हमारा प्रदेश मैन्यूफैक्चरिंग का पावरहाउस बन सके।

आस्था पर भारी सियासत : बेनीवाल

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। जयपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र में लोक देवता वीर तेजाजी मंदिर की मूर्ति खंडित करने के बाद उपजे जन-आक्रोश के पश्चात तेजा भक्तों पर लाठीचार्ज करने वाली जयपुर पुलिस आयुक्तालय पूर्व की टीम को आज भाजपा के इशारे पर भाजपा नेता द्वारा कार्यक्रम आयोजित करवाके सम्मानित करवाया गया। पूरे मामले में जब सरकार के मंत्रियों ने पुलिस अफसरों के साथ बैठकर बात कर ली तो उसके बाद षड्यंत्र के तहत दर्ज मुकदमों में युवाओं की गिरफ्तारी करने का स्टेटमेंट देने वाली जयपुर पुलिस ईस्ट टीम कौनसी उपलब्धि को लेकर सम्मानित हो रही ? जिस पेट्रोल पंप संचालक द्वारा मुकदमा दर्ज करवाया गया उसके द्वारा ही पुलिस को सम्मानित करना और विस्तृत बातचीत के बाद भी पुलिस द्वारा तेजा भक्तों को गिरफ्तार करने की धमकी देना यह इंगित करता है कि एक षड्यंत्र के तहत यह अशोभनीय कार्य किसी ने किसी के द्वारा करवाया गया अन्यथा एक असामाजिक तत्व की इतनी हिमाकत नहीं हो सकती कि वो लाखों -करोड़ों के आराध्य देव वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति खंडित करने की हिमाकत करें,बेहतर यह होता कि पुलिस इस मामले में षडयंत्र करने वालों का भी पता लगाती,आरोपी यदि पुलिस के पूछताछ में सच्चाई नहीं बताता तो उसका नार्को टेस्ट करवाती लेकिन पुलिस आज सत्ता धारी दल के नेताओं से खुद का सम्मान समारोह करवा रही है।

नारायणपुर में भाजपा मंडल कार्यालय का उद्घाटन

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। नारायणपुर में भाजपा मंडल कार्यालय का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। धामेड़ा धाम रोड, डूंगरी के पास स्थित इस नए कार्यालय का उद्घाटन बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। नए कार्यालय के खुलने को लेकर सभी में उत्साह का माहौल दिखा। विधायक शेखावत ने कहा कि यह कार्यालय कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

NAME CHANGE

I Have Changed My Name From Manish Singh Shekhawat To Manish Singh R/O. M-44. Rambagh Staff Quuactor Narayan Singh Circle Jaipur Raj

I Have Changed My Name From Avdhesh Kumar Sharma To Avadhesh Sharma R/O 294 Vardhman Nagar-B Heerapura Ajmer Road Jaipur Raj